# 12. रुक्की



क्या, तुम रुक्की को जानते हो?

नहीं, तो चलो उससे मिलते हैं। रामपुर एक छोटा-सा गाँव है। गाँव के चौराहे पर गफ़्फ़ार चाचा का पक्का घर है। वे पास की गली के नुक्कड़ पर विद्युत विभाग के **दफ़्तर** में काम करते हैं। गफ़्फ़ार चाचा की लड़की रुक्की ग्यारहवीं कक्षा में पढ़ती है। वह तेज़ रफ़्तार से चलती हुई विद्यालय जाती है। समय मिलने पर वह स्वेटर बुनने में माँ की मदद करती है। सबको उसका स्वभाव अच्छा लगता है।



## सुनो-बोलो

(अ) १. पाठ ध्यानपूर्वक **सुनिए** और कक्षा में **सुनाइए**।

२. पाठ में आये संयुक्ताक्षर शब्दों को ध्यानपूर्वक **सुनिए**।

(आ) पाठ किसके बारे में है?

(इ) रुक्की के पिताजी किस दफ़्तर में काम करते हैं?

(ई) **आपके** पिताजी क्या काम करते हैं?

(उ) **आप** घर के कौन-कौन से कामों में माँ की मदद करते **हैं**?

(ऊ) **आप** विद्यालय कैसे जाते **हैं**?

(ए) क्या **आपके** मित्र **आपको** पसंद करते हैं? यदि हाँ, तो **बताइए** - क्यों?



## पढ़ो-लिखो

**(अ)**

**१. नीचे दिये गये संयुक्ताक्षर शब्द पढ़िए। पाठ में आये संयुक्ताक्षर शब्द पहचानकर '◯' लगाइए।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| दफ़्तर | म्यान | ग्वाला | नित्य | स्वभाव |
| विद्यालय | अच्छा | तुम्हें | प्याज | ग्यारह |

**२. पाठ में आये** द्वित्वाक्षर **शब्द पढ़िए।**

**(आ) नीचे दिये गये शब्दों में अंतर समझकर पढ़िए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| १. मकखी | - | मक्खी | ४. दफतर | - | दफ़्तर |
| २. कयारी | - | क्यारी | ५. हफता | - | हफ़्ता |
| ३. डॉकटर | - | डॉक्टर | ६. रफतार | - | रफ़्तार |


SCERT TELANGANA



तेलंगाणा राज्य सरकार द्वारा निशुल्क वितरण 2020-21

(इ) एक ही अक्षर से बननेवाले **द्वित्वाक्षर** और संयुक्ताक्षर शब्द **पढ़िए।**

| **द्वित्वाक्षर** | - | **<u>संयुक्ताक्षर</u>** |
|---|---|---|
| चक्की | - | मक्खी |
| सुग्गा | - | भाग्य |
| गफ़्फ़ार | - | रफ़्तार |
| सच्चा | - | अच्छा |
| पत्ता | - | सत्य |
| गुब्बारा | - | शब्द |
| फव्वारा | - | व्यापार |
| लट्टू | - | मिट्ठू |
| गद्दा | - | उद्यान |
| टिड्डा | - | गड्ढा |



(ई) चित्रों के नीचे दिये गये शब्द **पढ़िए।** उन शब्दों से वाक्य बनाकर **बोलिए।**








डॉक्टर





रफ़्तार

(उ) नीचे दिये गये वाक्य **पढ़िए।**

SCERT TELANGANA

१. दीवार पर मक्खी है।

२. यह फूलों की क्यारी है।



३. सड़क पर रिक्शा है।

४. यह मेरे पिताजी का दफ़्तर है।

५. रेल की रफ़्तार तेज़ है।

६. हफ़्ते में सात दिन होते हैं।

**(ऊ) नीचे दिये गये शब्द पढ़िए। शब्द से संबंधित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

१. मक्खी

१. इस शब्द में कौन-सा संयुक्ताक्षर है? ......................

२. 'ख' में कौन-सी मात्रा है? .....................

२. **रफ़्तर**

१. इस शब्द में कौन-सा संयुक्ताक्षर है? ......................

२. 'त' में कौन-सी मात्रा है? ......................

३. संयुक्ताक्षर किन अक्षरों के बीच है? ......................



## लिखो

**(अ) नीचे दिये गये वाक्यों में रेखांकित शब्द गलत है। सही शब्द सामने लिखिए।**

१. वहाँ मकखी है। ....................

२. मेरा दफतर दूर है। ....................

३. वह डॉकटर है। ....................

४. उसकी रफतार तेज़ है। ....................

SCERT TELANGANA

५. तुम क्या कर रहे हो?        ....................

**(आ) चित्रों के आधार पर नीचे दिये गये वाक्य पुनः लिखिए।**

१. मैं  हूँ।

............ ......................................

२. आप  हैं।

......... ...................................

३. हमें गुलाब का  पसंद है।

.................... ...........................

४. वे  जाते हैं।

.... ..................................

**(इ) 'क', 'फ' अक्षरों से बनने वाले कुछ संयुक्ताक्षर शब्द लिखिए।**

| क | फ |
|---|---|
| .................... | .................... |
| .................... | .................... |
| .................... | .................... |

SCERT TELANGANA

## (ई) नीचे दिये गये शब्द पढ़िए। उचित शब्दों से खाली जगह भरिए।

हफ्ता क्यारी मक्खी रिक्शा रफ्तार

१. यह सुंदर फूलों की .................... है।

२. सड़क पर ....................है।

३. सात दिनों का .................... होता है।

४. दीवार पर .................... है।

५. रेल की .................... तेज़ है।



## (उ) अपने मित्र के बारे में लिखिए।

| | | |
|---|---|---|
| मित्र का नाम | - | ...................................... |
| पिताजी का नाम | - | ...................................... |
| माताजी का नाम | - | ...................................... |
| गाँव का नाम | - | ...................................... |
| पाठशाला का नाम | - | ...................................... |
| कक्षा | - | ...................................... |
| मनपसंद मिठाई | - | ...................................... |
| मनपसंद फल | - | ...................................... |
| मनपसंद खेल | - | ...................................... |
| मनपसंद रंग | - | ...................................... |

SCERT TELANGANA

**(ऊ) नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

१. गफ़्फार चाचा का घर कहाँ है?

ज. ...............................................................

२. रुक्की किस कक्षा में पढ़ती है?

ज. ...............................................................

३. समय मिलने पर रुक्की क्या करती है?

...............................................................

**(ए) पेड़ का चित्र बनाइए। रंग भरिए। पेड़ के बारे में तीन वाक्य लिखिए।**

१. ...............................................................

२. ...............................................................

३. ...............................................................



SCERT TELANGANA